ब्लू लाइन

[स्रोत: फाइनेंशियल टाइम्स](#)

हाल ही में **इज़राइल** और **लेबनान** के मध्य की सीमाओं पर **हिजबुल्लाह** द्वारा तीव्र हमले किये गए।

- इज़राइल और लेबनान के बीच की सीमा, जिसे **"ब्लू लाइन"** के रूप में जाना जाता है, वर्ष **2000** में इज़रायल द्वारा **दक्षिणी लेबनान** से अपनी सेना की वापसी के उपरांत **संयुक्त राष्ट्र** द्वारा निर्धारित की गई थी।
    - यह कोई आधिकारिक **अंतर्राष्ट्रीय सीमा नहीं** अपितु एक **सीमांकन रेखा** है।
- मूल रूप से यह **1920 के दशक** में **लेबनान, सीरिया और फिलिस्तीन** के बीच **ब्रिटेन** तथा **फ्राँस** द्वारा स्थापित सीमा थी।
- **हिजबुल्लाह लेबनान** में स्थित एक **शिया इस्लामी राजनीतिक दल** और **आतंकवादी समूह** है। **दक्षिणी लेबनान पर इज़रायली कब्ज़े** की प्रतिक्रिया के रूप में **वर्ष 1980** में यह अस्तित्व में आया। इसे **संयुक्त राज्य अमेरिका** और **इज़रायल** सहित कई देशों द्वारा एक आतंकवादी संगठन के रूप में भी नामित किया गया है।



और पढ़ें...[इज़रायल-लेबनान: समुद्री सीमा समझौता](#)